तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

4 चक्रधर समारोह : मुंबई-बेंगलुरू-जबलपुर के कलाकारों संग स्थानीय प्रतिभाओं ने शास्त्रीय सुरों से बांधा समां






## खबर संक्षेप

### मिट्ठूमुड़ा में दो पक्षों में विवाद, मामला थाने पहुंचा

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिठूमुड़ा इलाके में रविवार शाम दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना के दौरान लाठी-डंडा और ईंट-पत्थरों का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि विवाद इतना बढ़ा कि गाली-गलौज और मारपीट तक की नौबत आ गई। पीड़ित लालचंद यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वे परिवार के साथ घर के बाहर खड़े थे तभी आरोपी पक्ष के लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि झगड़े में महिला सदस्यों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर जूटमिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रिपोर्ट दर्ज की। हालांकि, पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों पर हल्की धाराओं में अपराध दर्ज किया और कड़ी कार्रवाई से बची। इसी बात को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना पीड़ित परिवार के समर्थन में आ गई है।

### सीसीटीवी वायर काट लाखों का सामान ले गए चोर

**रायगढ़।** कोतरा रोड गजाननपुरम स्थित विद्युत भंडारगृह में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर बाउंड्री दीवार तोड़कर अंदर घुसे और पहचान छुपाने के लिए पहले सीसीटीवी का तार काट दिया, इसके बाद लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक अभियंता योगेश पटेल ने बताया कि चोरी की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करा दी गई है। एफआईआर रिपोर्ट के अनुसार, चोर 315 केवीए का ट्रांसफार्मर, 420 किलो कॉपर वायर, दो सीसीटीवी कैमरे और तीन स्ट्रीट लाइट चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 3 लाख 26 हजार रुपये आंकी गई है। घटना का खुलासा सोमवार शाम तब हुआ जब कर्मचारी ट्रांसफार्मर की मरम्मत के लिए निरीक्षण करने पहुंचे। मामले की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि किस तरह चोर अंदर घुसे और वायर काटकर सामान लेकर भाग निकले।

### रजत जयंती पर निबंध प्रतियोगिता

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना वर्ष के रजत जयंती वर्ष मे छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार दिवसवार स्कूली विद्यालयों मे छात्रों समुदाय के मध्य विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने है। उसी संदर्भ मे कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा एवं प्रधापाठक अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन मे मेरे सपनों का स्कूल विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाते हुए स्कूल के प्रति अपनी भावनाओं को निबंध के रूप मे प्रस्तुत करते हुए वाचन किया। जिससे उनमें शब्द विस्तार, लेखन क्षमता एवं भाषायी कौशल विकास का विकास के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना वर्ष पर उनकी खुशियाँ भी देखी गई।

## हाईस्कूल बोजिया के व्याख्याता विजय शिक्षा के क्षेत्र में बने मिसाल

# बच्चों के जीवन में जला रहे शिक्षा की ज्योत
# नि:शुल्क कोचिंग से बढ़ रहा गणितीय ज्ञान

जितेन्द्र मेहर ⏭ रायगढ़

हाईस्कूल बोजिया के व्याख्याता विजय कुमार चौधरी शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल बन गए हैं। बच्चों के जीवन में शिक्षा की ज्योत जलाकर वो उन्हें फर्श से अर्श तक ले जाने का काम कर रहे हैं। बीते 4 साल से 10वीं, 11वीं व 12 के बच्चों को वो निशुल्क गणित का कोचिंग दे रहे हैं। उनके इस प्रयास से बच्चों में गणित का ज्ञान तो बढ़ ही रहा है साथ ही इसका परिणाम भी परीक्षा में देखने को मिल रहा है।

दरअसल विजय कुमार चौधरी छातामुड़ा रायगढ़ के रहने वाले हैं। वो धरमजयगढ़ विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल बोजिया में गणित के व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। वो पिछले 4 वर्षों से लगातार विद्यालय समय के बाद अतिरिक्त समय निकाल कर बच्चों को निशुल्क गणित का कोचिंग देते हैं। यह कोचिंग न केवल कक्षा 10वीं बल्कि 12वीं के छात्रों के लिए भी है, जिसमें बोर्ड परीक्षा के विशेष मंडल प्रश्न, पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र और परीक्षा रणनीति पर केन्द्रित प्रशिक्षण शामिल हैं। पहले इनके द्वारा पंचायत भवन बोजिया में कोचिंग दिया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में पंचायत भवन छाल नवापारा में कोचिंग देते हैं। इनके नेक काम को देखते हुए पंचायत की तरफ से इन्हें भवन तो उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन वे खुद के खर्चे से बोर्ड, चेयर, आदि की व्यवस्था किए हैं। यहां बोजिया स्कूल के अलावा अन्य स्कूलों, संकुलों के 100 से अधिक छात्र सीबीएसई, सीजीबीएससी में गणित व प्रयास का निशुल्क कोचिंग करने आते हैं।



### बोर्ड परीक्षा से पहले तीन बार कराते हैं अभ्यास

व्याख्याता विजय ने बताया कि परीक्षा से जो पूर्व की तैयारी होती है उसे बच्चों को सिलेबस के आधार पर तैयार कराते हैं। यह भी उनकी ओर से निशुल्क रहता है। इसमें आसपास के 10-15 स्कूल के बच्चे सम्मिलत होते हैं। यह अभ्यास परीक्षा से दो माह पहले से चलता है। इसमें व्याख्याता विजय 75 नंबर के गणित विषय का प्रश्नपत्र बनाते हैं और परीक्षा की तर्ज पर बच्चों को पंचायत भवन या किसी स्थान पर इसे हल करने के लिए देते हैं।

### प्रयास में 8 बच्चों का सलेक्शन

प्रयास एक आवासीय विद्यालय है, जो नवोदय विद्यालय से बेहतर है। इसलिए सभी बच्चे प्रयास में जाना चाहते हैं। इसमें पिछले वर्ष व्याख्याता विजय ने 4 माह बच्चों को कोचिंग दिया था, जिसमें से 8 बच्चों का प्रयास में सलेक्शन हुआ है। ये वो बच्चे हैं जो आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं। इस साल कोचिंग 1 अगस्त से शुरू कर दिया गया है। क्योंकि इस बार ज्यादा से ज्यादा बच्चों के सलेक्शन का प्रयास है।

### बच्चों को नहीं लगता अब गणित से डर

रोज एक प्रश्न अभियान के तहत रोजाना विद्यालय के सूचना पट पर बच्चों को गणितीय चुनौती दी जाती है। जिसमें रोजाना बच्चों को घर से भी गणित के 5 प्रश्न हल करने होते हैं और स्कूल में भी 1 प्रश्न का हल करना होता है। 3 से 4 बजे के बीच में जो खाली समय होता है उसमें व्याख्याता विजय अतिरिक्त समय बच्चों को देते हैं। इस दौरान कोई भी एक बच्चा बोर्ड में गणित का एक सवाल लिखता है, जिसे बाकी बच्चों को हल करना रहता है। इस तरह सभी बच्चों को मौका दिया जाता है। इसमें बच्चों का गणितीय ज्ञान बढ़ता है।

### बच्चों को उपलब्ध कराते हैं किताबें

व्याख्याता विजय कुमार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का सहयोग किया जाता है। वो हर साल 10 से अधिक विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा शुल्क का वहन व्यक्तिगत रूप से करते हैं। बोजिया छोटी जगह है, पहले बच्चे गणित विषय नहीं लेते थे, लेकिन कुछ सालों से वे ग्रीष्मकालीन छुट्टी में भी बच्चों को गणित का कोचिंग देते हैं, जिससे अब बच्चे आसानी से 11वीं में गणित का विषय लेते हैं। वहीं इनके द्वारा 11वीं, 12वीं के बच्चों को खुद के खर्चे पर किताबें भी उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उनके द्वारा बच्चों के लिए गणवेश, स्टेशनरी सामान की भी व्यवस्था की जाती है।

### बस स्टैंड क्षेत्र में नाली अधूरी, बढ़ी नाराजगी




**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर के बस स्टैंड क्षेत्र में गौरव पथ परियोजना अंतर्गत नाली निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। निखिल बेकरी दुकान से लेकर यादव महानदी भोजनालय तक चल रहे इस अधूरे निर्माण कार्य से आम जनमानस और व्यापारी वर्ग दोनों ही काफी परेशान हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बीते दो वर्षों से नाली निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। अधूरे कार्य के कारण बस स्टैंड परिसर में गंदगी फैल रही है और आवागमन भी बाधित हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि गौरव पथ निर्माण के चलते उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। ग्राहकों की संख्या घटी है और दुकानों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। व्यापारियों ने चिंता जताई कि अब नवरात्रि पर्व नजदीक है और उसके बाद दीपावली का बड़ा त्यौहार आने वाला है। ऐसे समय में यदि नाली निर्माण कार्य शुरू किया जाता है तो व्यापार और अधिक प्रभावित होगा। बस स्टैंड में भीड़ बढ़ने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें झेलनी पड़ेंगी। व्यापारी वर्ग ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि आगामी पर्वों को ध्यान में रखते हुए पितृपक्ष के दौरान ही नाली निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।

### महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारी शुरू

## 12 से 24 तक अग्रसेन जयंती महोत्सव

**रायगढ़।** अग्रसेन समाज ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती महोत्सव की रूपरेखा साझा की। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार का आयोजन पहले से कहीं अधिक भव्य और आकर्षक होगा। उत्सव 12 से 24 सितम्बर तक लगातार दस दिनों तक चलेगा, जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शामिल रहेगी।

इस वर्ष का मुख्य आकर्षण क्रिकेट प्रतियोगिता होगी, जिसे आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा राजस्थानी लोक नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां उत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ना और नई पीढ़ी को परंपराओं से अवगत कराना है। इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। 16 सितम्बर को भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। वहीं, 22 सितम्बर को शाम चार बजे विशाल शोभा यात्रा गांधी गंज से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः गांधी गंज में संपन्न होगी। महोत्सव का समापन 24 सितम्बर को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।



## सिर्फ 8 स्टोर्स के सहारे बिक्री में नंबर 1 बना रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई श्री धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना आज भी मरीजों के लिए बड़ी राहत बनी हुई है। भले ही यह योजना कांग्रेस सरकार के समय शुरू हुई थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने भी इसे मजबूती से आगे बढ़ाया है। खास बात यह है कि दवाइयों की सप्लाई सुचारु बनी हुई है, जिसके कारण मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होती।

रायगढ़ जिला अस्पताल के सामने स्थित धन्वंतरि मेडिकल स्टोर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यहां रोजाना औसतन 30 से 40 मरीज अपनी जरूरत की दवाइयाँ लेने पहुँचते हैं। बाजार भाव से 40 से 70 प्रतिशत तक सस्ती जेनेरिक दवाइयाँ मिलने से आमजन का भरोसा लगातार बढ़ा है। यही वजह है कि बिक्री के मामले में रायगढ़ ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि रायगढ़ में सिर्फ 8 स्टोर्स होने के बावजूद यह जिला बिक्री में पूरे छत्तीसगढ़ में नंबर-1 पर है। स्टोर्स की संख्या के आधार पर रायगढ़ भले ही 5वें नंबर पर हो, लेकिन मरीजों की संख्या और बिक्री ने इसे प्रदेश में अव्वल बना दिया है।




### बीपी, शुगर व हार्ट की बीमारियों से संबंधित दवाओं की मांग

जिले में सबसे अधिक मांग ब्लड प्रेशर, शुगर और हार्ट की दवाइयों की रहती है। इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों को नियमित और सस्ती दवाओं की जरूरत होती है, और यही कारण है कि रायगढ़ में इनकी खपत सबसे अधिक दर्ज की जाती है। वहीं, कम स्टोर्स के बावजूद बिक्री और मरीजों के भरोसे से रायगढ़ ने यह उपलब्धि हासिल कर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक मिसाल कायम की है।

### प्रदेश में कहां कितने स्टोर्स

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | - | 20 स्टोर्स |
| दुर्ग | - | 15 स्टोर्स |
| जांजगीर-चांपा | - | 15 स्टोर्स |
| बिलासपुर | - | 10 स्टोर्स |
| रायगढ़ | - | 8 स्टोर्स |

## जीएसटी 2.0 बिग रिफॉर्म पॉलिसी पर ओपी ने केंद्र का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ मोदी सरकार के इस कदम से देश की जनता को सीधा लाभ होगा : चौधरी

जीएसटी 2.0 बिग रिफॉर्म की पॉलिसी को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार जताया है।

श्री चौधरी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गए इस अहम निर्णय से देश की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। जीएसटी काउंसिल ने इस निर्णय को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। वर्तमान में जीएसटी की चार दरें है जिसके तहत विभिन्न वस्तुओं के 5, 12, 18 एवं 28 फीसदी लागू थीं जिसे अब घटाकर केवल 5 एवं 18 फीसदी कर दिया गया है। अब चार की जगह दो रेट स्लैब हो जाएंगे। मोदी सरकार के इस फैसले से सीधे दो सौ से भी अधिक सामान सस्ते होने जा रहे हैं इसमें आम आदमी की रोजमर्रा से जुड़ी चीजें सम्मिलित हैं। वित्त मंत्री ओपी ने कहा कि जीएसटी 2.0 रिफॉर्म भारत के आमजन के लिए, भारत की अर्थव्यवस्था के लिए और व्यापारी भाइयों के साथ ही सब के लिए अत्यंत लाभकारी है, इससे लोगों की बचत बढ़ेगी। इकोनॉमी को नई रफ्तार भी मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का इस निर्णय को लागू करने के लिए ओपी चौधरी ने आभार ज्ञापित किया है।

### तेजस्वीनी ट्रेडर्स से एक ट्रक अवैध यूरिया जब्त

**सरसींवा।** किसानों के बीच लगातार बढ़ रही खाद की किल्लत और कालाबाज़ारी की शिकायतों के बीच आज प्रशासन ने सरसींवा कोदवा में बड़ी कार्यवाही की। तेजस्वीनी ट्रेडर्स में कृषि विभाग की टीम ने छापा मारते हुए एक ट्रक में लोड लगभग 600 बोरी अवैध यूरिया खाद जब्त किया। जाँच में पाया गया कि दुकान में भारी मात्रा में खाद का भंडारण किया गया था, लेकिन मशीन में इसका स्टॉक दर्ज नहीं था। इस अनियमितता के चलते यह स्पष्ट हुआ कि दुकान संचालक किसानों को खाद उच्च दामों पर बेचने की योजना बना रहा था। कृषि विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें पहले से सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से खाद रखा गया है। सत्यापन के बाद कार्रवाई की गई और अवैध स्टॉक को जब्त कर लिया गया। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दुकान पर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि प्रशासन की सक्रियता से अब खाद की कालाबाज़ारी पर रोक लगेगी। वहीं अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि किसानों को मुश्किल में डालने वाले अवैध भंडारणकर्ताओं और काला बाज़ारी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## बारिश से केलो डैम उफान पर जलस्तर नियंत्रित करने खोले 6 गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते केलो डेम का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए विभाग ने गुरुवार शाम को 6 गेट खोल दिए। गेट खोलते ही बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने से केलो नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा हैए जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बनने की आशंका है। व

भिागीय अधिकारियों ने बताया कि बीते 24 घंटे में कैचमेंट क्षेत्र में हुई तेज वर्षा के कारण डेम की भराव क्षमता लगभग पूरी हो चुकी थी। सुरक्षा को देखते हुए 6 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी छोड़ा गया है। नदी किनारे बसे गांवों और रायगढ़ शहर के निचले वार्डों में अलर्ट जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे और निचले क्षेत्रों में जाने से परहेज करने की अपील की है। मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है तथा आपदा प्रबंधन दल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस व नगर निगम की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। अचानक गेट खुलने से पानी का बहाव तेज होने पर आसपास के गाँवों के लोगों में चिंता का माहौल है। किसानों को आशंका है कि खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न हो सकती हैं। वहीं मछुआरों को भी नदी किनारे जाल न डालने की चेतावनी दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और बारिश की तीव्रता कम होने पर गेटों को पुनः बंद कर दिया जाएगा।

### राजमहल में कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

## चक्रधर समारोह में दंगल के विजेताओं को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर समारोह के अवसर पर मोतीमहल प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का बुधवार को शानदार माहौल में समापन हुआ। समापन अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भगवान श्री हनुमान और महाराजा चक्रधर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा फाइनल राउंड में पहुंचे पहलवानों से परिचय प्राप्त किया।

सांसद ने कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह की स्मृति में सांस्कृतिक नगरी रायगढ़ में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन गौरव की बात है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से आए पहलवानों का स्वागत किया और उनकी खेल भावना की सराहना की। प्रतियोगिता में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने अपने दांव.पेच और अदम्य साहस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोमांचक फाइनल मुकाबलों के बाद विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों को प्रशस्ति पत्र, पदक और सम्मान राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता स्थल पर बड़ी संख्या में दर्शक और खेलप्रेमी उपस्थित रहेए जिन्होंने पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।



### अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता के परिणाम

- 52-57 किलो वर्ग साहिल हरियाणा प्रथम, करन कुमार धिवर द्वितीय, रितिक चन्द्रा तृतीय।
- 57-62 किलो वर्ग अभिषेक सिंह यादव प्रथम, धीरज भारद्वाज द्वितीय, लक्की यादव तृतीय।
- 62-70 किलो वर्ग अनिल प्रथम, ललित कौशल द्वितीय, नातिन तृतीय।
- 70-80 किलो वर्ग नवीन प्रथम, रितिक राणा द्वितीय, रोहित प्रजापति तृतीय।
- 80 किलो से ऊपर प्रदीप प्रथम, प्रवीण चहर द्विती, रोहित तृतीय।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के परिणाम

- 48-52 किलो वर्ग हितेश कुर्रे धमतरी, प्रथम, विक्रम साहू रायपुर द्वितीय, अमन ठाकुर रायगढ़ तृतीय।
- 52-56 किलो वर्ग कुणाल यादव धमतरी प्रथम, मेहुल कुमार धमतरी द्वितीय, रितिक चन्द्रा रायगढ़ तृतीय।
- 56-61 किलो वर्ग मनीष कुमार यादव भिलाई प्रथम, रूपेश कुमार धीवर बिलासपुर द्वितीय, अश्वनी ध्रुव धमतरी तृतीय।
- 61-70 किलो वर्ग लक्की यादव दुर्ग प्रथम, वेदान्त कुमार कश्यप बिलासपुर द्वितीय, पवन कुमार भिलाईद्ध तृतीय।
- 70 किलो से ऊपर विजेंद्र पाल सिंह प्रथम, सतपाल यादव द्वितीय, मनीष तृतीय।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



## निशानची का ट्रेलर रिलीज, जुड़वा रोल में ऐश्वर्य का डबल धमाका

**मुंबई।** अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा है- 'अब तक तो बस झलक देखी थी, अब समय है पूरा धमाकेदार ट्रेलर देखने का।' इस फिल्म से ऐश्वर्य ठाकरे बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। वहीं फिल्म में मोनिका पवार और वेदिता पिंटो भी दिखाई देने वाली हैं। फिल्म के ट्रेलर में दो जुड़वा भाइयों- बबलू और डबलू की कहानी दिखाई गई है। बबलू थोड़ा बदमाश और चालाक तरह का लगता है, जबकि डबलू काफी सीधा-साधा सिंपल सा लड़का है। बबलू को एक लड़की से प्यार हो जाता है, जिसका नाम है रिंकू। दोनों किरदार एक जैसे दिखते जरूर हैं, लेकिन उनकी सोच अलग हैं।



लाइफ Style

# दिव्या

## एक चतुर नार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या खोसला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज दिव्या ने अपनी कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है, क्योंकि एक्ट्रेस ऑटो रिक्शा में सफर करती नजर आ रही हैं।

दिव्या खोसला ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिव्या पीले और सफेद रंग के अनारकली कुर्ते में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में दिव्या ऑटो रिक्शा ड्राइवर के साथ फनी अंदाज में नजर आ रही हैं, तो वहीं एक तस्वीर में दिव्या ऑटो रिक्शा से बाहर झांकते दिखाई दे रही हैं। इन सभी तस्वीरों के साथ दिव्या ने कैप्शन में लिखा, 'चतुराई तब होती है, जब आप रिक्शा चलाते हैं जब आपका ड्राइवर जाम में फंस जाता है।' दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश जल्द ही फिल्म 'एक चतुर नार' में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो रहस्य और चालाकी की कहानी दिखाता है। कहानी लखनऊ की एक लड़की की है, जो आर्थिक तंगी से जूझ रही है और रिकवरी एजेंट उसका पीछा कर रहे हैं। अपनी परेशानियों से बचने के लिए, वह एक चालाक योजना बनाती है। नील नितिन मुकेश एक डायरेक्ट फंड कंसल्टेंट की भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी मुलाकात दिव्या खोसला के किरदार से होती है और इस तरह रहस्य और हेराफेरी का एक दिलचस्प खेल शुरू होता है। दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश अभिनीत फिल्म 'एक चतुर नार' 12 सितंबर को रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



## कंकड़ जैसे दिखने लगे हैं द रॉक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन इस वक्त अपने बदले लुक को लेकर चर्चा में हैं। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में 'द रॉक' का नया अंदाज देखकर सब हैरान थे। उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' का प्रीमियर हुआ। सोशल मीडिया पर उनका ट्रांसफॉर्मेशन वायरल हो रहा है। हर किसी की निगाहें उनपर जा थमी, क्योंकि वो उस लुक में थे जो इससे पहले कभी किसी को नहीं दिखा। ड्वेन जॉनसन को देखकर एक ने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि द रॉक कंकड़ बन गए।' दूसरे ने मज़ाक करते हुए कहा, 'ये कहीं एआई का कमाल तो नहीं।'



## सलमा ने हॉट रेड बिकिनी में मनाया जन्मदिन

**लॉस एंजिल्स।** मैक्सिकन और अमेरिकी अभिनेत्री और फिल्म निर्माता सलमा हायेक ने हाल ही में अपना 59वां जन्मदिन का जश्न मनाया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर समुद्र तट की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की, जिसमें वे लाल बिकिनी और सनग्लासेस में सूर्यास्त का आनंद लेती नजर आईं। उनकी यह तस्वीर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रही है। इस शानदार तस्वीर के साथ सलमा ने हिंदी और स्पैनिश में लिखा, 'सूर्य के चारों ओर 59 यात्राएं और अभी भी नाच रही हूं। सभी को प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।' सलमा की इस बर्थडे पोस्ट पर बॉलीवुड और हॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने कमेंट में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो क्वीन'। सलमा अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं।



## बुसान फेस्टिवल में बढ़ाया भारत का मान

**मुंबई।** साउथ कोरिया के बुसान शहर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल से बहुत बड़ी खबर आ रही है। इस महोत्सव में अभिनेत्री और फिल्म निर्माता नंदिता दास सात सदस्यीय जूरी टीम का हिस्सा बन गई हैं, जिसमें कोरियाई फिल्म निर्माता ना होंग-जिन जूरी अध्यक्ष के रूप में मौजूद हैं। बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ने एक प्रतियोगिता सेक्शन का ऐलान किया है, जिसमें उन्हें समारोह के समापन के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए बीईएफएफ ने एक सात सदस्यीय जूरी की टीम बनाई है, जिसमें एक्टर-डायरेक्टर नंदिता दास को भी शामिल किया है। बिफ के निदेशक जंग हानसोक ने इस नए शुरुआत पर विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा, 'यह एक नया खंड है, इसलिए हमने ऐसे जूरी सदस्यों को नियुक्त करने का प्रयास किया है जिनकी दृष्टि गहरी हो।



## आमिर ने लिया गणपति बप्पा का आशीर्वाद

**मुंबई।** गणपति उत्सव अभी चल रहा है। सेलेब्स का भी लगातार बप्पा की शरण में पहुंचना और उनका आशीर्वाद लेने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब अभिनेता आमिर खान महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष शेलार के गणपति पंडाल में दर्शन करने पहुंचे। अब इस दौरान की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वायरल हो रहे वीडियो में आमिर खान ग्रे कलर के कुर्ते में नजर आ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता पंडाल में बप्पा का दर्शन करते हैं और उसके बाद वहां मौजूद लोगों से बात करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ आशीष शेलार भी नजर आ रहे हैं। आमिर खान आखिरी बार 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ जेनेलिया डिसूजा भी प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। यह फिल्म स्पेशल चाइल्ड पर बात करती है

टीवी मसाला



## रियलिटी रानी ऑफ द जंगल के दूसरे सीजन का प्रोमो रिलीज

**नई दिल्ली।** डिस्कवरी जल्द ही अपना रियलिटी शो रियलिटी रानी ऑफ द जंगल का सीजन 2 लेकर आ रहा है। जिसके प्रोमो में इस शो के कंटेस्टेंट्स की झलक ने यूजर्स को बेताब कर दिया है। रियलिटी रानी ऑफ द जंगल सीजन 2 का प्रीमियर 22 सितंबर को सोम-शुक्र रात 9:30 बजे सिर्फ डिस्कवरी चैनल इंडिया और डिस्कवरी प्लस इन पर आएगा। इस शो को वरुण सूद होस्ट करेंगे, जिन्होंने इसका पहला सीजन भी होस्ट किया था। इस शो में इस बार अर्चना गौतम, भव्य सिंह जैसे सेलेब्स नजर आए। वहीं, इस शो में कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन राखी सावंत को देखकर कंटेस्टेंट्स से लेकर यूजर्स भी हैरान रह गए। शो के इस सीजन के वीडियो पर कई सेलेब्स और यूजर्स ने जमकर कमेंट किए। पवित्रा पुनिया ने लिखा, महिलाएं सीटी कौन बजा रही हैं?' अर्चना गौतम ने लिखा, 'खिरकार लड़कियों, हम नई शुरुआत के लिए यहां हैं' भव्य सिंह ने लिखा, 'चलो मुझे ड्रामा से मारो', एक यूजर ने लिखा, 'डिस्कवरी चैनल, एमटीवी कब से बन गया?', एक यूजर ने लिखा, ट्रेलर बहुत ही अच्छा लग रहा है। शो शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। एक और यूजर ने लिखा, अरे गजब राखी सावंत। वहीं, कई यूजर्स सिर्फ अर्चना लिखकर जता रहे हैं कि वह उनके लिए कितने खुश हैं।

### प्रणित मोरे ने की नफरत की हदें पार

**नई दिल्ली।** सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। बिग बॉस घर के भीतर बीबी शो नाम से एक शो ऑर्गनाइज करेंगे। इस शो में जीशान कादरी और प्रणित



मोरे जहां स्टैंडअप कॉमेडी करेंगे तो वहीं नीलम अपने डांस का जलवा दिखाएंगी। आवेज दरबार जहां अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीतेंगे तो वहीं अमाल मलिक अपनी गायकी से दर्शकों को इंप्रेस करेंगे। लेकिन, इस बीच कुछ ऐसा होगा जो घरवालों के आपसी समीकरण बिगाड़ने की वजह बन सकता है। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि जीशान कादरी अपनी परफॉर्मेंस के दौरान फरहाना भट और प्राची देसाई को निशाना बनाएंगे तो वहीं प्रणित भी बातों-बातों में तंज कसेंगे। जीशान ने फरहाना और प्राची की तरफ इशारा करते हुए कहा, यहां पर कोई रिवॉल्वर रानी (फरहाना) है, तो कोई पुरानी कहानी (प्राची) है। लेकिन, प्रणित मोरे तो इस मामले में कहीं आगे चले गए। उन्होंने अपनी स्टैंडअप कॉमेडी के दौरान खिलाड़ियों पर खूब निशाने लगाए। प्रोमो वीडियो में वह कुनिका पर तंज कसते दिख रहे हैं।

## बॉलीवुड की वो फिल्में जो गानों के लिए हैं मशहूर

*नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों की यह खास बात है कि उनमें शानदार म्यूजिक होता है। गानों के बिना फिल्में अधूरी लगती हैं। कई वर्षों से यह देखने को मिल रहा है कि कई ऐसी फिल्में हैं, जो अपनी कहानी से ज्यादा गानों के लिए चर्चा में रहीं। कई ऐसी फिल्में हैं जिनके गानों को लोग खूब गुनगुनाते हैं हालांकि लोगों को उन फिल्मों के नाम नहीं याद रहते हैं।*



**रॉकस्टार (2011) :** रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की अदाकारी वाली फिल्म 'रॉकस्टार' अपने जबरदस्त गानों के लिए जानी जाती है। इस फिल्म के गाने इरशाद कामिल ने लिखे। इसका म्यूजिक एआर रहमान ने दिया। फिल्म के गाने 'साड्डा हक', 'कुन फाया कुन' और 'नादान परिंदे' आज भी खूब मशहूर हैं। फिल्म सूफी म्यूजिक की वजह से हिट हुई थी।


**वीर जारा (2004) :** शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की अदाकारी वाली फिल्म 'वीर जारा' के गानों का कोई तोड़ नहीं। इस फिल्म के लगभग सारे गाने हिट हुए। फिल्म में 'तेरे लिए', 'मैं यहां हूं' और 'ये हम आ गए हैं' जैसे बेहतरीन गाने हैं। इन गानों को जावेद अख्तर ने लिखा था। यह गाने आज भी लोगों की जबान पर रहते हैं।

**रहना है तेरे दिल में (2001) :** दीया मिर्जा और आर माधवन की अदाकारी वाली फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' को लोगों ने खूब सराहा। फिल्म के गाने 'जरा जरा बहकता है' और 'सच कह रहा है' जैसे गाने एवरग्रीन साबित हुए। आज भी जब लोग इन गानों को सुनते हैं, तो वह उस दौर में वापस चले जाते हैं। ज्यादातर लोगों को यह नहीं मालूम कि यह गाने किस फिल्म के हैं लेकिन यह गाने उन्हें बखूबी याद हैं।

**आशिकी (1990) :** फिल्म 'आशिकी' ऐसी फिल्म है, जिसके गाने आज भी लोग गुनगुनाते हैं। यह फिल्म अपनी कहानी से ज्यादा अपने गानों के लिए मशहूर हुई थी। फिल्म में 'नजर के सामने', 'जाने जिगर जानेमन' और 'मैं दुनिया भुला दूंगा' जैसे शानदार गाने थे। ज्यादातर लोगों को यह गाने आज भी याद हैं। हालांकि, कुछ लोगों को यह नहीं मालूम कि यह गाने किस फिल्म के हैं।

## विपिन को मंकी मैन के लिए मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का पुरस्कार

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म मंकी मैन में किन्नर की भूमिका निभाने वाले एक्टर विपिन शर्मा को 'एस्टार अवार्ड्स 2025' से सम्मानित किया गया है। बैंकॉक में आयोजित समारोह में उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का पुरस्कार मिला। विपिन शर्मा ने इस सम्मान का श्रेय 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के एक्टर देव पटेल को दिया है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिल्म साइंस एंड आर्ट्स (आईआईएफएसए) ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया था। इन पुरस्कारों का उद्देश्य सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वालों को सम्मानित करना है। इसमें विभिन्न देशों और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले फिल्म प्रड्यूसर और कलाकार मौजूद थे। विपिन शर्मा इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान पाने वाले भारतीय एक्टर्स में से एक बन गए हैं। विपिन शर्मा ने अवॉर्ड पाने के बाद कहा, 'पहले ही एस्टार अवार्ड्स में यह सम्मान पाकर मैं सचमुच अभिभूत हूं। मंकी मैन मेरे लिए एक खास सफर रहा है और दुनिया भर के दर्शकों के साथ इस एक्टिंग से जुड़ते देखना बहुत सुखद है। मैं देव पटेल का भी बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक ऐसी भूमिका दी जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा, एक ऐसी भूमिका जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। इस तरह के अवॉर्ड हमें सिनेमा की सीमाओं को पार करने और लोगों को जोड़ने की शक्ति की याद दिलाते हैं और मैं इस पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'



*इसे भारत में रिलीज नहीं किया गया था : फिल्म 'मंकी मैन' को एक्टर देव पटेल ने डायरेक्ट किया था। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली फिल्म थी। इसे भारत में रिलीज नहीं किया गया था। अब इस फिल्म को ग्लोबल लेवल पर सम्मान मिल रहा है। सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को इसलिए हरी झंडी नहीं दी, क्योंकि इसमें उन्हें ज्यादा हिंसा, इंटीमेट सीन (अंतरंग दृश्य), हिंदू धर्म और पौराणिक कथाओं को लेकर आपत्ति थी। हालांकि यह फिल्म अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भारत में भी उपलब्ध है। 'मंकी मैन' में इसमें शोभिता धुलिपाला, सिकंदर खेर, विपिन शर्मा, अश्विनी कालसेकर और मकरंद देशपांडे जैसे कलाकार हैं।*

### इस साल कई दिल छू लेने वाली रोमांटिक फिल्में सिनेमाघरों में होंगी रिलीज

## इन फिल्मों में दिखेगा रोमांस का जबरदस्त तड़का

*मुंबई। 2025 बॉलीवुड के लिए रोमांस का साल साबित होने वाला है। इस साल कई दिल छू लेने वाली रोमांटिक फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जो दर्शकों को प्यार, कॉमेडी और ड्रामा का जबरदस्त मिश्रण देंगी। यहां हम कुछ खास फिल्मों के बारे में बता रहे हैं, जो दर्शकों का दिल जीत सकती हैं। इस लिस्ट में शामिल हैं- तेरे इश्क में और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के अलावा भी कई रोमांटिक फिल्में।*



### तेरे इश्क में

फिल्म 'तेरे इश्क में' एक रोमांचक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें मुख्य भूमिका में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार ए.आर. रहमान ने तैयार किया है। यह फिल्म हिंदी और तमिल दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को रिलीज हो सकती है।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी



'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक मजेदार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो दिल्ली की पृष्ठभूमि पर बनी है। इस फिल्म में वरुण धवन (सनी के रोल में) और जान्हवी कपूर (तुलसी के रोल में) नजर आएंगे। यह फिल्म हंसी-मजाक और रोमांस से भरी होगी। फिल्म का निर्देशक शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस के तहत किया गया है। इसमें जान्हवी और वरुण के अलावा सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

### दे दे प्यार दे 2



2019 की हिट फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है दे दे प्यार दे 2। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आगामी फिल्म में अजय देवगन फिर से लौट रहे हैं, उनके साथ हैं रकुल प्रीत सिंह और आर. माधवन नजर आएंगे। यह कॉमेडी से भरपूर रोमांटिक फिल्म है, जो उम्र के फर्क वाले रिश्तों पर हंसाती और रुलाती है। इस फिल्म का निर्देशक अनीस बज्मी कर रहे हैं। 'दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को रिलीज हो सकती है।

### लव एंड वॉर

लव एंड वॉर एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। यह फिल्म प्यार और जंग की कहानी बताएगी। फिल्म लव एंड वॉर भी 2025 में रिलीज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### चोरी की 30 बाइक के साथ 6 आरोपी गिरफ्तार



**सारंगढ़।** सिटी कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 30 चोरी की बाइकें बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने चोरी करने और चोरी की बाइक खरीदने-बेचने में शामिल कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद वाहनों की कीमत लगभग 18 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर और अति पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे तथा उप पुलिस अधीक्षक स्नेहिल साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कामिल हक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। प्रार्थी संजय सारथी निवासी रेंजरपारा, सारंगढ़ ने 30 अगस्त को अपनी बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों की पहचान की गई और छापामारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### जिले में अब तक 8712.8 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 9130.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 सितम्बर तक की स्थिति में 8654.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 205.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1074.3 मिमी, मनोरा में 1098.9 मिमी, कुनकुरी में 1268.0 मिमी, दुलदुला में 574.9 मिमी, फरसाबहार में 730.7 मिमी, बगीचा में 985.5 मिमी, कांसाबेल में 844.3 मिमी, पत्थलगांव में 851.3 मिमी, सन्ना में 1045.8 मिमी एवं बागबहार में 656.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### पिछले 18 दिनों से मिनी स्टेडियम में धरना दे रहे कर्मी

# 518 संविदा कर्मचारियों ने सौंपा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मोदी की गारंटी फेल के नारे के साथ छत्तीसगढ़ में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का आक्रोश अब उबाल पर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने सरकार की वादाखिलाफी और लगातार हो रहे प्रशासनिक अन्याय के विरोध में बड़ा कदम उठाया है।

रायगढ़ ज़िले में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिश्रा के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चुनाव पूर्व वचनपत्र में शामिल 10 सूत्रीय मांगों को याद दिलाते हुए सरकार की चुप्पी पर नाराजगी जताई गई। प्रदेश की बात करें तो आंदोलन को लेकर कोई ठोस कार्रवाई न होने से आहत होकर अब तक राज्यभर में 16,000 कर्मचारी इस्तीफा दे चुके हैं। जबकि रायगढ जिले मे कुल 518 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। रायगढ़ जिले में 2 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया था, जिससे आक्रोश और बढ़ गया और जिले में 518 कर्मचारियों ने इस्तीफा दिया।



**लंबे समय से चल रहा आंदोलन**

संगठन का दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में 160 से अधिक बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मिश्रा ने कई बार मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या रखी, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, समस्या का समाधान नहीं।

## राउरकेला से महाराष्ट्र जा रहे छह लापता ट्रक बरामद

**राउरकेला।** राउरकेला से महाराष्ट्र के जलगांव के लिए स्पंज आयरन लेकर निकले छह ट्रक रहस्यमय तरीके से लापता हो गए थे ज्ञात हो कि इन ट्रकों में करीब 72 लाख रुपये से अधिक का माल लदा था। ट्रक चालकों के मोबाइल फोन बंद होने से उनकी लोकेशन भी ट्रैक नहीं हो पा रही थी कंपनी की ओर से राउरकेला टाउन के रघुनाथपाली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

▪ जलगांव के लिए 72 लाख रुपए से अधिक का स्पंज आयरन लदा था

जानकारी के अनुसार राउरकेला की गोयल स्टील कंपनी को एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का ऑर्डर मिला था। कंपनी ने रायपुर स्थित एके रोडवेज ट्रांसपोर्टर से 10 ट्रक बूक कराये थे। 27 अगस्त को सभी ट्रक जलगांव के लिए माल लेकर रवाना हुए। इनमें से दो ट्रक निर्धारित समय पर माल लेकर पहुंच गए, जबकि बाकी छह ट्रक नहीं पहुंचे थे। इससे पहले, दो ट्रक चालकों और संयंत्र मैनेजर द्वारा माल की हेराफेरी का मामला सामने आ चुका है, जिसमें पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, 29 अगस्त तक पहुंचने वाले अन्य छह ट्रकों का कोई सुराग नहीं मिला था। सभी ट्रक बणई और कलुंगा क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। माल नहीं पहुंचने पर ऑर्डर लेने वाली कंपनी ने गोयल स्टील को इसकी सूचना दी। जिसके आधार पर पुलिस ने 96 आरंभ की वह पुलिस की मुस्तादी से यह गाड़ियां रायपुर छत्तीसगढ़ में बरामद की गई स वहीं राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर से संगठन के पदाधिकारी का कहना है कि राउरकेला में गाड़ियां होने के बावजूद यदि महाराष्ट्र से गाड़ी आकर लोड होगी तो कहीं ना कहीं सवाल उठना लाजमी है और ऐसी गाड़ियां में हेर फेर होना या गाड़ी गायब होना एक सामान्य सी घटना है, राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने गोयल स्टील से बात करते हुए कहा कि आगे से राउरकेला से ही गाड़ियां लेकर लगाए जिससे गाड़ियों की निशानदेही आसान होती है व किसी तरह के हेर फेर की घटना होने पर संगठन की ओर से मदद भी हो पाएगी।

## राउरकेला शहर के दो दर्जन सार्वजनिक पार्कों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

कई करोड़ रुपये खर्च कर राउरकेला महानगर निगम आर एम सी और राउरकेला स्मार्टसिटी द्वारा शहर भर के विभिन्न हिस्सों ने बनाए गये करीब पांच दर्जन सार्वजनिक पार्क आज बदहाल स्थिति में हैं। बच्चों के लिए झूले, बड़ों के लिए कसरत सामग्री व्यायाम सामग्री और सार्वजनिक शौचालय जैसी सुविधाओं से सुसज्जित ये पार्क लोगों के स्वास्थ्य हित में सराहनीय पहल थेए लेकिन अब इनका रखरखाव व साफ सफाई नहीं होने से पार्क स्तिथि में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

▪ पार्कों के आसपास के लोगों में भारी नाराज़गी, आरएमसी कमिश्नर को लिखी चिट्ठी

सभी बदहाल पार्कों में जाने वाले स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम द्वारा नियमित सफाई और देखरेख न होने के कारण अधिकांश पार्क झाड़. झुरमुट से भर गए हैं। कई जगह गंदगी और अव्यवस्था से लोग पार्क जाना छोड़ चुके हैं। बच्चों के खेलने का सामान व कसरत उपकरण जंग खा रहे हैं, जबकि पब्लिक टॉयलेट से उठती दुर्गंध ने आसपास के इलाकों में रहना मुश्किल बना दिया है। लोगों को सांप बिच्छू जैसे जीवों के डर से भी पार्क में जाने से परहेज़ करना पड़ रहा है। छेंड कलोनी के वार्ड नंबर 33 में एम आई जी 250 के निकट लाखों रुपये खर्च बने पार्क का उद्घाटन तत्कलानी विधायक नगर पाल व पार्षद द्वारा 24 अप्रैल 2013 में उद्घाटन किया गया। आज यह पार्क झाड़ियों से भर गयाएसामग्री व बच्चो के खेल उपकरण खराब हो गये है और यहां लोगों ने जाना बंद कर दिया।यही हाल बसंती कलोनी, सिविल टाउनएछेंड व कोयल नगर में फैले पार्कों का यही हाल है।

## सारंगढ़ जिले की शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

**बरमकेला।** राज्य शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के आह्वान पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला का शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का बैठक खेलभांठा मैदान में हुआ जिसमे जिले के समस्त व्यायाम शिक्षक साथी उपस्थित रहे। इस बैठक में फकीरा यादव को सर्वसम्मति से सारंगढ़ बिलाईगढ़ के शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का अध्यक्ष चुना गया और श्री शिव बघेल को सचिव बनाया गया।



जिला में चुने हुए अध्यक्ष और सचिव और एक महिला साथी आगामी 07 सितंबर को होने वाली राज्य शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ में वोट देकर राज्य शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। वहीं संरक्षक के रूप में वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक प्रमोद यादवएश्री कौशल ठेठवार, मोहनलाल कैवर्त, जिला संयोजक के रूप में श्रीमती आरती शुक्ला और यशवंत यादवतो वही उपाध्यक्ष तुलेश साहू, एवम श्रीमती श्रुति चौबे, कोषाध्यक्ष के रूप में महेश लहरे को चुना गया। सहसचिव मोरध्वज साहू एवं दिनेश पटेल को बनाया गया, मीडिया प्रभारी के रूप में राजाराम सर एवम ममता साहू को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुनील सोनवानी, पुरषोत्तम पांडे सर और सुश्री पूजा अकेला मैडम को चुना गया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ के शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के अध्यक्ष फकीरा यादव ने सभी साथी को अपनी ऊर्जावान भाषण से सब साथी को विश्वास दिलाया कि अध्यक्ष के रूप में वह ईमानदारी से सभी साथी की परेशानी को पूरी तरह से हल करने की कोशिश करेंगे साथ ही व्यायाम शिक्षक को शारीरिक शिक्षा व्याख्याता शारीरिक शिक्षा शिक्षक बनने के लिए पूरी तरह से संघ को मजबूती प्रदान करूंगा। इस तरह सभी साथी ने नए पदाधिकारियों को बधाई दिया और उज्वल भविष्य की कामना किया और बैठक की समापन की घोषणा किया गया।

## कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ

**राउरकेला।** राउरकेला जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को संगठन सृजन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संयुक्त सचिव पर्यवेक्षक डॉ. पलक वर्मा मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने जिला कांग्रेस नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

▪ केंद्रीय पर्यवेक्षक डॉ. पलक वर्मा ने स्थानीय नेतृत्व संग की चर्चा

कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत हुईए वहीं ब्लॉक स्तर की जिम्मेदारी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुनीता बिस्वाल को सौंपी गई। अभियान एक सप्ताह तक जिलेभर में संचालित होगा।जिला कांग्रेस कमेटी के समन्वयक ज्ञानेंद्र दास ने प्रेस प्रतिनिधियों का स्वागत कर अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस मौक़े पर कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेंद्र दास, गोपाल दासए सावीर हुसैन, प्रभोध दास गणेश प्रधान तथा रेमिस केरकेट्टा सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मंदिर के शीर्ष स्थल पर दीप प्रज्वलन करते पंडित जी।

## गगनयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ मुख्यमंत्री के संवाद कार्यक्रम का बच्चे बनेंगे साक्षी

**जशपुरनगर।** भारत के दूसरे अंतरिक्ष तक पहुंचने वाले गगनयात्री और भारत के अंतरिक्ष हीरो कहलाने वाले शुभांशु शुक्ला से शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 'टच द स्पेस' कार्यक्रम के तहत रूबरू होंगे।

▪ 'टच द स्पेस' कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन मुख्यमंत्री से गगनयात्री होंगे रूबरू

इसरो, आईडीवायएम फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में गगनयात्री शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष मिशन के लिए अपनी तैयारियों, अपने अनुभव, गगनयात्री बनने के अपने सफर, भारत के अंतरिक्ष अभियानों आदि विषयों पर अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगे। यह एक अनोखा मौका होगा जब भारत के राष्ट्रीय अंतरिक्ष हीरो और प्रदेश के मुख्यमंत्री आपस में वर्चुअल माध्यम से रूबरू होंगे और इस कार्यक्रम के साक्षी प्रदेश के 20 हजार से ज्यादा विद्यार्थी बनेंगे। इस कार्यक्रम के साक्षी जशपुर जिले के नव संकल्प शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी भी बनेंगे। इस आयोजन में शामिल होने से बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें भारत के अंतरिक्ष हीरो द्वारा तारों, सितारों, नक्षत्रों, ब्रम्हांड के रहस्यों, अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा मोबाइल प्रदर्शनी भी स्कूलों में प्रदर्शित किया गया था। कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों के लिए स्कूलों में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान, स्टारगेजिंग आदि का आयोजन कर बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के 30 बच्चों के नामों को यूरोपा क्लिपर उपग्रह के साथ बृहस्पति यात्रा पर भी भेजा गया है ।

## खेल जीवन का अभिन्न हिस्साः रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ गुरूवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की।




शालेय खेल स्पर्धा के शुभारंभ मौके पर उपस्थित अतिथि।

चार दिवसीय इस आयोजन में राज्य के पाँचों संभागों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग, 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिका वर्ग तथा 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग के बीच हॉकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में नेशनल हॉकी खिलाड़ी रहे श्री दाउद बरवा सहित सभी संभागों से आए खिलाड़ी, कोच, संयोजक और निर्णायक मंडल मौजूद थे। शुभारंभ अवसर पर मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। सभी संभागों के खिलाड़ी फिल्ड मार्शल श्री ललित एक्का के अगुवाई में देशभक्ति की मधुर धुनों के साथ कदमताल मिलाकर चल रहे थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ खेलने की शपथ भी। शुभारंभ अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास करता है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं। श्रीमती भगत ने सभी खिलाड़ियों खेल भावना से खेलने का आग्रह करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आगे चलकर आप बेहतर खिलाड़ी के तौर पर स्थापित हो और छत्तीसगढ़ और पूरे देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां क खिलाड़ियों ने हॉकी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियां हासिल कर राज्य और देश का गौरव बढ़ाया है।

### पुलिया से दो फिट ऊपर बह रहा पानी, स्कूल बंद

**कोतबा।** छत्तीसगढ़ के नगर पंचायत कोतबा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक भालुखार टिपकडांड़ टापू में तब्दील हो गया है। यहां बने रपटा पुलिया वार्ड क्रमांक 01 का एक मात्र भालुखार टिपकडांड़ सागरपाली पहुंच मार्ग हैं। जिसमें 30 परिवारों से अधिक लोग निवासरत है.आवागमन बंद हो जाने से यहां संचालित शासकीय प्राथमिक शाला आज बन्द रही। स्वास्थ्य सुविधाओं व दैनिक दिनचर्या के वस्तुओं के लिये लोगों जहदोजद का सामना करना पड़ रहा है। निजी स्कूलों के बच्चो को पुलिस की सहायता से घर पहुंचाया गया। मंगलवार ,बुधवार व गुरुवार को रुक रुक कर हो रही बारिश में भैरवी नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। गुरूवार की सुबह पुल के ऊपर से दो फीट ऊपर पानी बह रहा था। जिसके कारण कोतबा की ओर से भालुखार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक व बच्चे वहाँ नही पहुंच सके।

## श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में किया गया द्वीप प्रज्वलन

**जशपुरनगर।** जिले के कांसाबेल तहसील क्षेत्र के ग्राम दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर में एकादशी पर्व के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। परंपरा के अनुरूप इस दिन मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा-अर्चना के साथ द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।



▪ परिवर्तनी एकादशी पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए श्रद्धालु

श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।सुबह से ही ग्रामीणों और भक्तों का मंदिर में आना शुरू हो गया था। भजन-कीर्तन के मधुर स्वर से वातावरण गुंजायमान हो उठा। संध्या आरती के पश्चात श्री मंदिर के शिखर पर दीप प्रज्वलन किया गया, जो श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। दीपों की रोशनी से मंदिर प्रांगण आलोकित हो उठा और श्रद्धालुओं ने इसे दिव्य अनुभूति के रूप में महसूस किया। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

समंस

(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

हरेन्द्र प्रसाद सिंह ------ -अपीलार्थी

// बनाम //

श्रीमति रिंकी शर्मा - - उत्तरवादिनी

प्रोसेस नं. - 3233

व्यवहार अपील क्र.: 4-बी/2024

तारीख पेशी 23.09.2025

प्रति, श्रीमति रिंकी शर्मा, उम्र 35 वर्ष, पति श्री शशिकान्त शर्मा हाल मुकाम- वार्ड नंबर 05, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी ने न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बिलासपुर के व्यवहार वाद क्रमांक 197-बी/2019 पक्षकार ''हरेन्द्र प्रसाद सिंह विरूद्ध श्रीमति रिंकी शर्मा'' में पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 30.01.2024 के विरूद्ध धारा 96 सहपठित धारा 41 नियम 1 व्य.प्र. संहिता के तहत प्रथम अपील प्रस्तुत किया गया है, जिस पर दिनांक 23.09.2025 को समय 11.00 बजे सुनवाई किया जाना नियत है। यदि नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो अगली कार्यदिवस में उपरोक्त व्यवहार वाद का सुनवाई किया जावेगा।

अतएव आप स्वयं, अपने प्लीडर के माध्यम से, अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अथवा अन्य तरीके जो विधि अनुमत करती हो, के माध्यम से उपरोक्त दिनांक व समय पर मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील में अपना बचाव कर सकते है। यदि आप सुनवाई के समय अनुपस्थित रहते है तो आपकी अनुपस्थिति में मेरे द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

इस अदालत की मुहर से आज दिनांक 13 माह 08 सन 2025 को जारी किया।

दिनांक 13.08.2025

स्थान बिलासपुर छ.ग.

सिराजुद्दीन कुरैशी

प्रधान न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)

### नाराज होकर घर से निकले थे विनीत, बनाया मुकाम

# 3 बच्चों से शुरू हुआ अभियान, आज 248 बच्चों को दे रहे शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आज शिक्षक दिवस

जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर आरा रोड पर स्थित जामटोली बस्ती में स्थित एसआरसी प्राथमिक शाला के संचालक विनीत चौधरी ने शिक्षा का अलख जगाने की शुरुआत 3 बच्चों से की थी। अब उनके स्कूल में 248 बच्चे हैं।

विनीत चौधरी बताते हैं कि बात सन 1998 के आसपास की है। जब किसी बात पर पिता ने नाराजगी व्यक्त की उस समय विनीत 11 वीं के विद्यार्थी थे। पिता भी निजी स्कूल चलाते थे। नाराज होकर दोस्त की साइकिल लेकर निकले विनीत ने जामटोली में 3 बच्चों के साथ अपने लक्ष्य की शुरुआत। पढ़ाई का स्तर इतना अच्छा था कि जामटोली और आसपास के लोगों ने उनसे आग्रह किया कि आप हमारे बच्चों को पढ़ाइए और स्कूल खोलिए जो भी जितना सहयोग होगा हम करेंगे। आज छोटे किन्तु उच्चस्तरीय स्कूल में 248 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं।



शिक्षक के साथ कक्षा में उपस्थित बच्चे।

**न्यूनतम शुल्क में उच्च स्तरीय शिक्षाः** विनीत ने बताया कि हमारा उद्देश्य न्यूनतम शुल्क में उच्चस्तरीय शिक्षा देना है।हमारे स्कूल के बच्चे उत्कर्ष नवोदय विद्यालय,नवोदय विद्यालय,आदर्श विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों में बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग के चयनित होते आ रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### धरमजयगढ़ में प्रेस क्लब का विस्तार

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ प्रेस क्लब के संरक्षकगणों के अनुशंसा पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नारायण बाईन ने प्रेस क्लब का विस्तार किया है। नाराणब बाईन ने अपने टीम में गुरूचरण सिंह राजपूत उपाध्यक्ष, विवेक कुमार पाण्डेय सचिव, बजरंग अग्रवाल कोषाध्यक्ष एवं प्रेस क्लब का मीडिया प्रभारी राजू यादव को बनाया गया है। अध्यक्ष नारायण बाईन ने बताया कि जल्द ही प्रेस क्लब की बैठक कर संरक्षकगणों एवं सदस्यों चर्चाकर आगे की कार्यकारणी का विस्तार किया जाएगा। आगामी बैठक में प्रेस क्लब भवन हेतु प्रस्तावित स्थल का भूमि पूजन के विषय को लेकर चर्चा की जाएगी।

### 20 वर्षों से शिक्षा की सेवा में समर्पित नंद किशोर

**रायगढ़।** शिक्षा को जीवन निर्माण का आधार मानते हुए शासकीय प्राथमिक शाला नवामुड़ा, विकासखंड लैलूंगा में कार्यरत प्रधान पाठक नंद किशोर सतपथी बीते दो दशकों से अधिक समय से लगातार बच्चों के भविष्य को संवारने में जुटे हुए हैं। उन्होंने 01 जुलाई 2002 को शासकीय सेवा में प्रवेश किया था और तब से अब तक न केवल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। सतपथी का कहना है कि एक अच्छा शिक्षक छात्र के जीवन में सबसे बड़ा बदलाव ला सकता है। कक्षा में बच्चों के सीखने से लेकर उनकी दीर्घकालीन सफलता तक शिक्षक की भूमिका ही निर्णायक होती है। विद्यार्थियों और सहकर्मियों के बीच वे एक सशक्त संचारक, सहानुभूतिपूर्ण और धैर्यवान शिक्षक के रूप में पहचाने जाते हैं। उनकी शिक्षण शैली बच्चों में सीखने की जिज्ञासा को जगाती है और उन्हें जीवन के व्यावहारिक मूल्यों से भी जोड़ती है। वे सहयोग, अनुशासन और सकारात्मक सोच पर विशेष बल देते हैं। नंद किशोर सतपथी का लक्ष्य केवल ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आजीवन सीखने की आदत विकसित करना है।



### उपतत्सा ने जीएसटी सुधारों को बताया ऐतिहासिक

**राउरकेला।** उपतत्सा ने जीएसटी सुधारों और कर दरों के पुनर्गठन को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी करार दिया है। संगठन का कहना है कि यह कदम छोटे गाड़ी मालिकों, उपभोक्ताओं और देश की अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा। इन सुधारों से कर संरचना सरल होगी, उपभोग में वृद्धि होगी और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उपतत्सा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 400 से अधिक वस्तुओं पर कर दरों में कटौती आम आदमी को राहत देगी। उन्होंने कहा कि यदि डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाता तो यह देशवासियों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का दिवाली उपहार होता। डॉ. यादव ने भारतीय स्टेट बैंक की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि जीएसटी सुधारों से आगामी त्योहारी सीजन में घरेलू खपत में 7-8 प्रतिशत तक वृद्धि की संभावना है।

## समारोह के आठवें दिन सुर ताल और घुंघरुओं की छटा, मल्लखंब रहा आकर्षण का केंद्र

# चक्रधर समारोह : मुंबई-बेंगलुरू-जबलपुर के कलाकारों संग स्थानीय प्रतिभाओं ने शास्त्रीय सुरों से बांधा समा







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर समारोह का आठवां दिन विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और लोक-शास्त्रीय कलाओं की अनूठी छटा से सराबोर रहा। रामलीला मैदान में आयोजित सुर, ताल, छंद और घुंघरू के आठवें दिन कलाकारों की सजीव प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

आठवें दिन का मुख्य आकर्षण अबूझमाड़ का प्रसिद्ध मल्लखंभ दल रहा। उनकी रोमांचक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को उत्साहित कर तालियों से सभागार गूंजा दिया। इस अवसर पर रायपुर की आशिका सिंघल, संगीता कापसे संगीत कला अकादमी रायपुर, दुर्ग की देविका दीक्षित, बिलासपुर की श्रीमती वासंती वैष्णव एवं टीम, जबलपुर की श्रीमती निलांगी कालान्तरे और बेंगलुरु के डॉ.लक्ष्मी नारायण जेना ने कथक की विभिन्न शैलियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। रायपुर की श्रीमती अजीत कुमारी कुजूर ने भरतनाट्यम और मुंबई के श्री अर्नव चटर्जी ने मधुर गायन से समा बांध दिया। चक्रधर समारोह के अवसर पर पद्मश्री स्व. डॉ. सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में विशेष काव्य संध्या का आयोजन हुआ। कवियों की प्रस्तुतियों में हास्य, वीर रस और व्यंग्य का सुंदर संगम देखने को मिला।

### विश्व प्रसिद्ध मल्लखंब दल ने दिखाया ताकत

चक्रधर समारोह उस समय अविस्मरणीय बन गई, जब अबूझमाड़ से आए मनोज प्रसाद के नेतृत्व में मल्लखंब दल ने मंच पर प्रवेश किया। परंपरा, अनुशासन और अद्भुत संतुलन के साथ खिलाड़ियों ने ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा कार्यक्रम स्थल रोमांचित हो उठा। बस्तर और नारायणपुर के छोटे-छोटे गांवों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचे इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन-10 के विजेता नरेंद्र गोटा और फुलसिंह सलाम ने अपने साथियों संग अद्भुत मल्लखंब कला की प्रस्तुति दी।

### परंपरा को जीवंत करती वासंती

रायगढ़ घराने की विशिष्ट छाप छोड़ते हुए बिलासपुर की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना श्रीमती वासंती वैष्णव, सुश्री ज्योतिश्री और उनकी टीम ने शास्त्रीय नृत्य की ऐसी मोहक प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश स्तुति से हुई, जिसके पश्चात तबले की उठान, शिव तांडव, तबला और घुंघरुओं की जुगलबंदी तथा वर्षा ऋतु की अद्भुत झलकियों को नृत्य में पिरोया गया।

### कथक गुरु नीलांगी ने बिखेरी कला की छटा

कथक की प्रख्यात गुरु नीलांगी कालांतरे ने अपनी विलक्षण प्रस्तुति से ऐसा समां बाँधा कि पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गडगड़ाहट से गूँज उठा। उनकी साधना, भाव-भंगिमा और मनमोहक नृत्य मुद्राओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरु नीलांगी कालांतरे ने सात वर्ष की आयु से कथक की शिक्षा आरंभ की। उन्हें यह ज्ञान गुरु शरदिनी गोले जी और पंडित रोहिणी भाटे जैसे विख्यात गुरुओं से प्राप्त हुआ।

### दिवंगत सुरेन्द्र दुबे को समारोह का नमन

समारोह की आठवीं संध्या साहित्य पद्मश्री स्व.डॉ.सुरेन्द्र दुबे की स्मृतियों को नमन करते हुए एक विशेष काव्य संध्या का आयोजन रायगढ़ के रामलीला मैदान में हुआ। पद्मश्री डॉ.दुबे, जिन्होंने हास्य और व्यंग्य को वैश्विक पहचान दिलाई, अनेक बार इस मंच पर अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदा चुके थे। उनकी स्मृतियों को समर्पित इस संध्या में प्रदेश के ख्यात कवियों ने वीर रस, हास्य और व्यंग्य की रचनाओं से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

### देविका ने नवाचार का अनूठा संगम पेश किया

दुर्ग की कथक नृत्यांगना देविका दीक्षित ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। लगभग चौबीस वर्षों से कथक साधना में रमीं देविका ने परंपरा और नवीनता का ऐसा संगम प्रस्तुत किया, जिसमें भाव, लय और ताल की उत्कृष्टता स्पष्ट झलकी। उनकी प्रस्तुति में कथक की गहराई के साथ आधुनिक दृष्टि का समावेश दिखाई दिया।

### आशिका की प्रस्तुति ने मोहा मन

आठवें दिन का शुभारंभ नन्हीं बाल कलाकार आशिका सिंघल की कथक नृत्य प्रस्तुति से हुआ। केवल 7 वर्ष की आयु में ही आशिका ने अपनी सधी हुई ताल और भावपूर्ण अभिनय से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। आशिका ने मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो जैसे भक्ति गीत पर कथक नृत्य प्रस्तुत कर मंच की गरिमा बढ़ाई। उनकी लय, ताल और भावाभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रायपुर की बाल कलाकार आशिका सिंघल विगत चार वर्षों से कथक की साधना कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

### कृष्ण लीला और भक्ति भाव

कथक नृत्यांगना और गुरु संगीता कापसे और उनकी होनहार शिष्याओं की प्रस्तुति ने शास्त्रीय नृत्य को कृष्ण भक्ति की गहराई से जोड़ा। उन्होंने तीनताल और झपताल की संरचनाओं पर आधारित नृत्य में श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। संगीता कापसे और उनकी शिष्याओं ने मंच पर 'कृष्ण सांवरिया' प्रसंग को जीवंत किया। आज चक्रधर समारोह में कृष्ण सांवरा की प्रस्तुति रही-कृष्ण के गोकुल आगमन पर खुशी और उल्लास का भाव, माखन चोरी करते समय यशोदा और कृष्ण की ममता का भाव, गोपियों को परेशान करना।

### अर्नव की सुमधुर तान की गूंज

सुप्रसिद्ध संगीतकार एवं गायक अर्नव चटर्जी ने अपनी अनूठी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जन्में और ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई से प्रमाणित गायक अर्नव चटर्जी ने भजन, गजल और गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी मधुर आवाज और सुर-ताल की अद्भुत संगति ने श्रोताओं को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अर्नव चटर्जी ने फिल्म, टीवी सीरियल, म्यूजिक एल्बम और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के लिए किए गए अपने सृजनात्मक योगदान की झलक भी प्रस्तुत की।

### कथक प्रस्तुति ने मोह लिया मन

बेंगलुरू के प्रख्यात कथक कलाकार डॉ. लक्ष्मीनारायण जेना और उनकी टीम ने कथक की ऐसी अनुपम प्रस्तुति दी कि दर्शक भावविभोर होकर तालियों की गडगड़ाहट से सभागार गूंजाते रहे। डॉ. जेना ने लखनऊ-जयपुर घराने की बारीकियों को अपने नृत्य में समाहित कर भारतीय परंपरा और संस्कृति का अद्भुत चित्रण प्रस्तुत किया। उनकी भाव-भंगिमाएं, पदचालन और ताल की सटीकता ने कथक की शास्त्रीयता को मंच पर जीवंत कर दिया।

### दक्षिण भारत की झलक

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना अजीत कुमारी कुजूर और उनकी टीम ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति, सधे हुए पदचालन और नृत्य की बारीकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अजीत कुमारी की प्रस्तुति में दक्षिण भारत की संस्कृति और परंपरा की झलक सजीव रूप में दिखाई दी।

# सड़क-पुल का नामकरण निरस्त, जल प्रदाय व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर

- सावित्री देवी जिंदल सेतु व ओमप्रकाश जिंदल मार्ग का नामकरण रद्द



**रायगढ़।** नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक गुरुवार को महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कुल नौ बिंदुओं पर चर्चा की गई और सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में निगम आयुक्त बृजेश क्षत्रीय ने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान एमआईसी सदस्य पूनम सोलंकी, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे और आनंद भगत उपस्थित रहे।
बैठक में निर्णय लिया गया कि सावित्री देवी जिंदल सेतु (सर्किट हाउस-बेलादुला रोड स्थित केलो नदी पुल) और ओमप्रकाश जिंदल मार्ग (केवड़ा बाड़ी चौक से ढिमरापुर चौक तक) का नामकरण निरस्त किया जाए। यह नामकरण इस शर्त पर हुआ था कि सड़क और पुल की मरम्मत कार्य संबंधित परिवार की ओर से कराया जाएगा। निगम की ओर से चार बार लिखित सूचना भेजे जाने और चर्चा होने के बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। नतीजतन नगर निगम को अपने खर्च पर यह कार्य करना पड़ा, जिसके चलते परिषद ने नामकरण रद्द करने का निर्णय लिया।

### जल प्रदाय के लिए पाइपलाइन विस्तार

बैठक में शहर की पेयजल आपूर्ति को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम प्रस्ताव पारित हुए। 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में 100 एचपी क्षमता के 3 नए पंप लगाए जाएंगे। इसी तरह 17 एमएलडी इंटेकवेल में 60 एचपी क्षमता के 3 पंप लगाने का निर्णय हुआ। सहदेवपाली, कबीर चौक, ट्रांसपोर्ट नगर और बरमुड़ा स्थित ओव्हरहेड टैंकों के पास बूस्टर पंप भी लगाए जाएंगे ताकि जल आपूर्ति सुचारु रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### विकास कार्य और नागरिक सुविधाएं सर्वोपरि

महापौर परिषद ने स्पष्ट किया कि नगर निगम का हर निर्णय लोकहित और नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर ही लिया जाएगा। परिषद का कहना है कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निगम की प्राथमिकता हमेशा जनता की सुविधा रहेगी।

# खाद की कमी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- उमेश पटेल के नेतृत्व में किसानों और कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय का किया घेराव



**खरसिया।** धान की रोपाई के मौसम में खाद की भारी कमी से जूझ रहे किसानों ने गुरुवार को खरसिया में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए एसडीएम प्रवीण तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस कार्यकर्ता व किसान मदनपुर कांग्रेस भवन में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च किया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्यालय गेट पर बैरिकेडिंग की थी, लेकिन कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा घेरा तोड़कर कार्यालय परिसर में प्रवेश कर लिया और नारेबाजी जारी रखी। उमेश पटेल ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पड़ोसी राज्य उड़ीसा में खाद की कोई कमी नहीं है, तो छत्तीसगढ़ में ही क्यों। सरकार जानबूझकर किसानों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। समिति प्रबंधक बड़े किसानों को आसानी से खाद दे रहे हैं, जबकि छोटे किसान भटकते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि खाद वितरण व्यवस्था सुचारू नहीं हुई तो कांग्रेस और किसान मिलकर और बड़ा आंदोलन करेंगे।

### प्रशासन ने माना खाद की कमी

एसडीएम प्रवीण तिवारी ने माना कि खाद आपूर्ति में दिक्कतें हैं, लेकिन जल्द ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने किसानों से शांति बनाए रखने और समस्या का समाधान वार्ता से निकालने की अपील की।

## बरमकेला में पर्रिटार तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन



**बरमकेला।** नगर पंचायत बरमकेला क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 01 व 02 में पर्रिटार तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन नगर पंचायत बरमकेला की अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा मनोहर नायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजू नायक, विधायक प्रतिनिधि मनोहर नायक, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक कुमार विश्वकर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्षदगण मुन्ना भारती, राजेश चौहान, सालिकराम नायक, भरत नायक, राजेंद्र सिदार, पूर्व अध्यक्ष हेमसागर नायक, पूर्व पार्षद मंगलू सिदार, भाजपा जिला अध्यक्ष कैलाश पण्डा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर पटेल, बाबूलाल पटेल एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। पर्रिटार तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य से नगरवासियों को स्वच्छ एवं आकर्षक जलाशय की सौगात मिलेगी, साथ ही यह क्षेत्र पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भूलिया समाज का पहला नुआखाई भेटघाट व सम्मान समारोह



**रायगढ़।** संबलपुरी वस्त्र निर्माण में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले भूलिया समाज ने अब छत्तीसगढ़ में भी अपनी कला और संस्कृति को नई दिशा देने की ठानी है। समाज के युवा वर्ग की पहल पर पहली बार नुआखाई भेटघाट एवं सम्मान समारोह का आयोजन 7 सितंबर को रायगढ़ ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

इस भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 2000 लोग शामिल होंगे। आयोजन में रंगोली, चित्रकला, नृत्य, गायन-वादन जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही हथकरघा, बुनकरी और संबलपुरी वस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे परंपरा और आधुनिकता का संगम देखने को मिलेगा। समाज की पारंपरिक बुनकरी कला से जुड़े वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पाँचवीं से स्नातक स्तर तक के मेधावी छात्र-छात्राओं, कलाकारों, खिलाड़ियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के प्रतिभाशाली लोगों को भी सम्मान से नवाजा जाएगा।

### गढ़उमरिया में बैठक

आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु 3 सितंबर को जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायत गढ़ उमरिया में एक विशाल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम संचालन हेतु कार्यकारिणी का गठन किया गया और अलग-अलग जिम्मेदारियाँ समाज के सदस्यों को सौंपी गईं। इस आयोजन के माध्यम से अपनी सामूहिक पहचान और सांस्कृतिक शक्ति का प्रदर्शन करने जा रहा है।

## विजयपुर में 10 लाख की लागत से विद्युत कार्य का भूमिपूजन



**रायगढ़।** विजयपुर वार्ड क्रमांक 47 के श्रीराम मोहल्ले में लंबे समय से लंबित विद्युत सुविधा की मांग आखिरकार पूरी हो गई। गुरुवार को यहाँ लगभग 10 लाख रुपये की लागत से 27 एल.टी. पोल, 2 पोल 11 केवी कनेक्शन तथा 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी जरूरतों के साथ आने वाले समय में नाली और मार्गों को दुरुस्त कर रायगढ़ को स्वच्छ व मॉडल नगर बनाने का संकल्प लिया है।
वर्षों पुरानी मांग पूरी होने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष का वातावरण रहा। वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और आभार जताया। भूमिपूजन कार्यक्रम में एम.आई.सी. सदस्य मुक्तिनाथ बबुआ, वार्ड पार्षद संतोषी पदुमलाल परजा, भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

